वर्ष-01, अंक-156
छपरा
रविवार 7 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# जमुई में एक बेटी को लालू ने बनाया उम्मीदवार

## जनसभा में तेजस्वी बोले- एनडीए का प्रत्याशी मेहमान है, हम लोग यहीं के है



**पटना,एजेन्सी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने आज जमुई से चुनावी जनसभा की शुरुआत की। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद महागठबंधन और तेजस्वी की यह पहली जनसभा है। श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल स्टेडियम मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। साथ ही तेजस्वी ने जमुई से राजद उम्मीदवार अर्चना रविदास को वोट करने की अपील की।

तेजस्वी ने रैली में कहा, लालू प्रसाद ने लोकल उम्मीदवार दिया। उन्होंने यहां की एक बेटी को चुना है। वहीं, दूसरी तरफ एनडीए वाले इस सीट को प्रयोगशाला बनाकर रखें है। कभी इसको, कभी उसको टिकट दे देते है। इसमें भी ऐसे लोगों को चुनते है जो यहां टिकते नहीं है। उनका प्रत्याशी मेहमान है, जबकि हम लोग यहीं के है।

**जमुई को ठगने आ जाते है पीएम :** पीएम को लेकर तेजस्वी ने कहा, 5 साल में एक बार आए। पिछली बार आए तो क्या बोले थे- गरीबी, महंगाई खत्म होगी। हुआ क्या, नहीं हुआ ना। जमुई को ठगने आ जाते है बस। बिहार ने आपको जिताया, अपने क्या दिया, कुछ नहीं। हॉस्पिटल, स्कूल कुछ नहीं दिया। नौकरी खत्म कर दिया। वहीं, हम लोगों ने 17 महीने में 5 लाख नौकरियां दी। भारत सरकार ने एक लाख नौकरी भी नहीं दिया।

**नौकरी देने पर सवाल करते थे नीतीश कुमार- तेजस्वी** सीएम नीतीश को लेकर उन्होंने कहा कि चाचा है। नौकरी देने पर सवाल करते थे- बाप के पास से पैसा देगा। हमने वो किया आज सब मान रहे है। चिराग को लेकर तेजस्वी ने कहा की हमारा पुराना परिचय है, साथ में काम किया। आज कल वह हनुमान बने हुए है, कोई बात नहीं। मेहमान को टिकट दिए है, ठीक है, लेकिन उनका पता हमको भी नहीं पता।

### तेजस्वी का दावा- हमलोग फर्स्ट फेज की सभी 4 सीटें जीत रहे हैं

जमुई से वापस पटना लौटने के बाद एयरपोर्ट पर तेजस्वी यादव ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमलोग फर्स्ट फेज की सभी 4 सीटें जीत रहे हैं। आगे पिता लालू प्रसाद यादव पर वारंट निकलने की खबरों पर कहा कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

### तेजस्वी ने कहा-जमुई में परिवारवाद पर नहीं बोले पीएम

जमुई रवाना होने से पहले पटना में तेजस्वी यादव ने कहा कि जब प्रधानमंत्री जमुई गए तो एक बार भी परिवारवाद को लेकर कुछ नहीं कहा। उन्हें बताना चाहिए कि जमुई के विकास के लिए उन्होंने क्या किया। उनसे जब सवाल किया गया कि पीएम ने कहा है कि अभी तो ट्रेलर है फिल्म बाकी है। इस पर तेजस्वी ने कहा कि सब तो खत्म हो गया है बचा गया है अब।

# शाह बोले- कांग्रेस पूछ रही है, कश्मीर से क्या वास्ता



### यह सुनना बेहद शर्मनाक, इसके लिए उनका इटैलियन कल्चर जिम्मेदार

**जयपुर,एजेन्सी।** राजस्थान में शनिवार 6 अप्रैल को भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों की जनसभा हुई। पीएम मोदी ने अजमेर में एक रैली को संबोधित किया। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयपुर में रैली की। खड़गे ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी राजस्थान में आकर धारा 370 हटाने की बात करते हैं। यहां के लोगों का कश्मीर से क्या वास्ता है।

इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया ङ्ग पर प्रतिक्रिया दी। शाह ने लिखा- कांग्रेस पूछ रही है कि कश्मीर से क्या वास्ता। यह सुनना काफी शर्मनाक है। मैं कांग्रेस पार्टी को याद दिलाना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और प्रत्येक राज्य और नागरिक का जम्मू-कश्मीर पर अधिकार है।

**भारत के विचार को न समझ पाने के लिए इटैलियन कल्चर दोषी- शाह :**शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा- कांग्रेस को यह नहीं पता कि कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए राजस्थान के कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। लेकिन यह सिर्फ कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। भारत के विचार को न समझ पाने के लिए कांग्रेस पार्टी का इटैलियन कल्चर ही दोषी है। ऐसे बयानों से हर उस देशभक्त नागरिक को ठेस पहुंचती है जो देश की एकता और अखंडता की परवाह करता है। जनता कांग्रेस को जरूर जवाब देगी।

शाह ने आगे लिखा कि, कांग्रेस की जानकारी के लिए बता दें धारा 371 नहीं, बल्कि धारा 370 (खड़गे ने गलती से धारा 371 का नाम लिया था) थी, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त कर दिया था। हालांकि, कांग्रेस से ऐसी भयानक गलतियां करने की अपेक्षा ही की जाती है। इनकी तरफ से की गई ऐसी भूलों ने दशकों से हमारे देश को परेशान किया है।

**नड्डा बोले- कांग्रेसियों की मानसिकता है, जम्मू-कश्मीर भारत से कटा रहे :**खड़गे के कश्मीर वाले बयान को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ङ्ग पर लिखा, खड़गे जी उस कांग्रेसी मानसिकता को दर्शाते हैं जो चाहती थी कि जम्मू-कश्मीर शेष भारत से कटा रहे। उन्हें यह भी नहीं पता कि जिस अनुच्छेद की बात हो रही है वह आर्टिकल 370 है, आर्टिकल नहीं !

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग रहेगा और आर्टिकल 370 को हटाना भारत के गौरव, एकता और अखंडता से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस ऐसी भावनाओं को कभी नहीं समझेगी।

# पटना के कबाड़ी दुकान में भीषण आग

### आसपास के घरों को भी चपेट में लिया, दमकल की 12 गाड़ियों ने पाया काबू



**पटना,एजेन्सी।** पटना सिटी में कबाड़ी दुकान में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग की लपटें पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। घटना मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के दीप नगर इलाके की है।

आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के कुछ घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था। चारों ओर काला धुआं फैल गया। आनन-फानन में लोगों ने घरों से सामान निकालकर बाहर फेंका। मामले की सूचना स्थानीय थाना और फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई।

सूचना मिलने के बाद दमकल की छोटी-बड़ी कुल 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आगजनी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

**घर में रखे 80 हजार कैश जल गए :** पीड़ित सूरज कुमार ने बताया कि कबाड़ी की दुकान में भीषण आग लग गई। मेरे घर को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। दीवार को तोड़कर घर का सामान बाहर निकाले, लेकिन घर में रखे 80 हजार रुपए कैश और जेवर नहीं निकाल पाए। वह जल गया है। किसी तरह से हम लोगों ने अपनी जान बचाई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की लपटें काफी तेज थी। आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। लोग अपने-अपने घरों से गैस सिलेंडर और सामान निकाल कर बाहर खेत में फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेहंदी गंज थाना को बार-बार फोन पर जानकारी देने की कोशिश की, लेकिन थाना प्रभारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

# गैंगरेप के बाद आंख निकाली, हाथ-पैर तोड़कर मर्डर

### ● पूर्णिया में मां से बदला लेने के लिए 7 साल की मासूम से हैवानियत; 2 गिरफ्तार

**पूर्णिया,एजेन्सी।** पूर्णिया में शुक्रवार को 7 साल की बच्ची का मक्के के खेत में शव मिला था। मासूम के आधे शरीर पर कपड़े नहीं थे। बच्ची की दाई आंख निकाल ली गई और गर्दन मरोड़ी गई थी। हाथ-पैर भी तोड़ दिए गए थे। परिवार का आरोप है कि मासूम के साथ गैंगरेप भी हुआ है।

पुलिस ने इस मामले में आज 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बच्ची की मां से बदला लेना चाहते थे, इसलिए उसकी ये हालत की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को खून के धब्बे और कपड़े के टुकड़े मिले हैं। आरोपियों के कपड़े और बच्ची के कपड़े पर लगे खून के धब्बे मैच हुए हैं। मामला जिले के रूपौली थाना क्षेत्र का है। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम पूरी रात सबूत जुटाने में लगी रही।

**बच्ची के परिवार से हुई थी मारपीट :** इस मामले में पुलिस ने गांव के ही प्रेम लाल उरांव और मोतिहारी के सेख नाहिद को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है और कई अहम खुलासे भी किए हैं। परिजनों ने बताया है कि गांव के ही प्रेम लाल उरांव से तकरीबन एक साल पहले मामूली विवाद में मारपीट हुई थी।

# शादी के महज 25 दिन बाद ही प्रेमी के साथ भाग रही नवविवाहिता को पति ने पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** शादी के महज 25 दिन बाद ही पति को चकमा देकर प्रेमी संग भाग रही नवविवाहिता को उसके पति ने तरैया बाजार पर दुकानदारों के सहयोग से पकड़ लिया। नवविवाहिता ने अपने ससुराल मशरक थाना क्षेत्र के बड़वाघाट से अपने पति दीपक कुमार सिंह के साथ अपने मायके जाने के लिए निकली हुई थी। तरैया बाजार में नवविवाहिता अपने पति से बोली कि आइब्रो बनवाना है। पार्लर में जा रही हूं, आप मिठाई लेकर आइए। इसी बीच नवविवाहिता अपने पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ चारपहिया वाहन में सवार होकर भागने लगी। जब पति ने पत्नी को दूसरे की गाड़ी में बैठते देखा, तो जाकर कार की चाबी निकाल कर शोर मचाने लगा कि मेरी पत्नी को लेकर भाग रहा है। तब तक काफी संख्या में स्थानीय लोग जुट गये व पुलिस भी पहुंच गयी। नवविवाहिता, उसके पति व प्रेमी तीनों को लेकर थाने पहुंची। नवविवाहिता के पति ने बताया कि उसकी शादी तरैया थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 मार्च, 2024 को हुई थी। शादी के बाद नवविवाहिता ने पति को बहला-फुसला कर मायके आने की जिद करने लगी, तो पति नवविवाहित पत्नी को लेकर चला था कि रास्ते से प्रेमी संग भागने की योजना बना ली थी। इधर, नवविवाहिता ने कहा कि हमारे विरोध के बाद भी परिवार व सगे-संबंधी वालों ने जबरन शादी कर दी। जबकि, वह अपने प्रेमी के साथ रहने को तैयार थी। इसके बाद भी जबरदस्ती होगी, तो सुसाइड कर लूंगी, लेकिन पति के साथ नहीं रहूंगी। फिलहाल पुलिस थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

# राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्य ने सोनपुर पहुँच कर रोड शो करते हुए लोगो से आशीर्वाद मांगी



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** लोकसभा चुनाव के राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के सवलपुर चारो पंचायत ,गंगाजल ,नजरमीरा सहित अन्य क्षेत्रों में शनिवार को रोड शो की। रोड शो के दौरान भारी संख्या में लोगों ने फूल माला पहनाकर उन्हें स्वागत किया। रोड शो के दौरान उन्होंने कहीं की यहां की जनता का जो प्रेम और आशीर्वाद मिल रहा है उसका मैं ऋणी रहूँगी । सारण संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए मैं अपने स्तर से प्रयास कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करूंगी। रोहणी आचार्य ने हाथ जोड़कर आशीर्वाद माँगा । महिलाओं ,पुरुषों ने भी रोहणी आचार्य को जीत दिलाने के लिए भरोसा दिलाया । इस रोड शो के दौरान विस्कोमान अध्यक्ष सुनील सिंह, सोनपुर राजद विधायक डॉ रामानुज प्रसाद,परसा विधायक छोटे लाल राय सहित राजद के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित, सभी जूलूस के लिये लाइसेंस लेना अनिवार्य

## लाइसेंस में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के आधार पर ही आयोजन की होगी अनुमति




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से आगामी ईद, चैती छठ, रामनवमी एवं अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव प्राप्त करते हुए इन त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि किसी भी तरह के जूलूस के आयोजन हेतु लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के आधार पर ही आयोजन की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक आयोजन के लाइसेन्स हेतु 10-15 लोगों को पहचान पत्र जमा करना होगा, जिसका सत्यापन भी कराया जायेगा।

जूलूस में डीजे का उपयोग प्रतिबंधित है।किसी भी तरह के शस्त्र का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। किसी भी तरह के अश्लील अथवा भड़काऊ गीत, संगीत एवं संवाद के उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। सभी आयोजनों को लोकसभा आम चुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुये सुनिश्चित करने को कहा गया। समिति के सदस्यों से भी एक एक कर उनके पूर्व के अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद विधि व्यवस्था को लेकर सभी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ईद से पूर्व बाजारों में काफी भीड़ होती है, इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी निरंतर रात्रि में पेट्रोलिंग करते रहें। सभी नगर निकायों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। ईद के दिन प्रातः 7 बजे से नमाज अदा की जाती है, इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी प्रातः 5 बजे से ही अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। चैती छठ के अवसर पर सभी स्थानीय पदाधिकारियों को घाटों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। खतरनाक घाटों पर इस आशय का संकेत लगाने को कहा गया। सभी घाटों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग एवं रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। आवश्यकता के अनुरूप घाटों पर एसडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इस संबंध में आपदा प्रबंधन शाखा के प्रभारी को ऐसे घाटों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर एक दिन पूर्व से ही सभी प्रतिमा स्थल पर चौकीदार को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। जूलूस व शोभायात्रा गृह विभाग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप लाइसेंस में दर्ज शर्तों के अनुपालन के आधार पर ही निकाली जायेगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निरंतर भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, शान्ति समिति के सदस्यगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के अन्य सदस्यगण जुड़े थे।



## अतरसन उच्चतर स्कूल के शिक्षक व आदेशपाल की समारोह पूर्वक दी गई विदाई

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** उच्च विद्यालय सह राजकीय इंटर कॉलेज अतरसन के सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश राम और आदेशपाल हरि नारायण सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गई।प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद की अध्यक्षता और वरिष्ठ शिक्षक डॉ संतोष कुमार साह के नेतृत्व में आयोजित समारोह का संचालन सुनिल कुमार राम ने किया।सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश के अनुशासित जीवन शैली की सराहना अतिथि मुखिया प्रतिनिधि व राजद नेता अनिल चौधरी व समाजसेवी उमेशचंद्र सिंह ने की।भावुक शब्दों में सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि उनका सबसे बड़ा सम्मान होगा कि हमारे नये शिक्षक साथी भी इस शैक्षणिक माहौल को बनाये रखेंगे।मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत शिक्षिका काजल कुमारी का राग खमाज में छोटा ख्याल की वंदिश आलाप तराना,सोनम मिश्रा का नृत्य ,संतोष शरण का गजल भजन,आदित्य राज व संगीत शिक्षक निपुण झा के तबलावादन के साथ लोकगायक रामेश्वर गोप के चइती गीत ने भरपुर मनोरंजन किया।सेवानिवृत्त शिक्षक व आदेशपाल को अंगवस्त्र के साथ उपहार देकर सम्मानित करने वालों में नवादा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार योगियां विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव के अलावे विद्यालय परिवार के शिक्षक ऋषिकेश प्रसाद, नरेंद्र यादव , अंकित , सुशील , संतोष कुमार पांडेय, भरत , अमित , अभिषेक तथा शिक्षिका अर्पणा , रूबी ,अर्चना आदि शामिल थे।प्रीति भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

# एकमा सीएचसी में टीबी रोगियों के बीच दो समाजसेवियों ने किया पौष्टिक आहारों का वितरण



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** टीबी एक माइको बैक्टेरिया ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टेरिया से होने वाला एक गंभीर संक्रमण रोग है। यह संक्रमण मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। लेकिन इसका बैक्टेरिया खून के रास्ते दूसरे अंगों तक पहुंच कर उसको भी प्रभावित कर देता है। हालांकि फेफड़ों के साथ-साथ यह बीमारी मस्तिष्क, लिवर, किडनी व हड्डियों के साथ-साथ शरीर के अन्य भागों में होने की संभावना ज्यादा रहती है।

यह बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के सभागार में टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार वितरण समारोह के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गंगा सागर बिंदु ने कही। उन्होंने कहा कि एकमा प्रखंड के रसूलपुर पंचायत के मुखिया पति मिथिलेश प्रसाद व एकमा बाजार स्थित दुर्गा डायग्नोस्टिक की संचालिका सुनीता सिंह के द्वारा पांच-पांच टीबी मरीजों को बीते नवंबर माह में गोद लिया गया था। जिनके बीच पांचवें महीने के पोषाहार का वितरण किया गया है।

सीएचसी एकमा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गंगा सागर बिंदु ने कहा कि धूम्रपान, नशीली दवाओं का सेवन, कुपोषण व मलिन बस्तियों में असुरक्षित रहने वाले लोगों को टीबी जैसी बीमारी से ग्रसित होने की संभावना अत्यधिक होती है। ऐसे में टीबी के शुरुआती लक्षण दिखाई देते ही ग्रामीणों को अपने नजदीकी अस्पताल जाकर जांच करवानी चाहिए। ताकि समय पर उसका उपचार किया जा सके। क्योंकि संक्रमित होने की स्थिति में नियमित इलाज और पौष्टिक आहार खाकर जल्द से जल्द इस बीमारी से सुरक्षित किया जा सकता हैं।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गंगा सागर बिंदु, बीएचएम वाहिद अख्तर, मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, समाजसेवी सुनीता सिंह, वरीय यक्ष्मा प्रयोगशाला पर्यवेक्षक कुमार अमित, लेखा प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, बीसीएम प्रियंका कुमारी, वीरेंद्र कुमार यादव, सत्येंद्र सिंह आदि अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



# सबलपुर कुमार घाट पर हुआ गंगा आरती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अखंड अष्ट्याम यज्ञ को लेकर गंगा महाआरती सबलपुर पश्चिमी पंचायत के पछियारी टोला कुमार घाट पर शनिवार की किया गया। सबलपुर पश्चिमी पंचायत के पछियारी टोला कुमार घाट पर पहली बार गंगा महाआरती का भव्य आयोजन किया गया है। गंगा आरती देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमर पड़ी।भव्य आयोजन होने से सबलपुर गाँव भक्तिमय रस मे डूबा रहा।ग्रामीणों मे बहुत ही उत्साह और उमंग देखा गया। सबलपुर उतरी पंचायत के बांध स्थित नव स्थापित दुर्गा मंदीर नया बाजार राहर दियारा चौक स्थापित किया जाएगा। रविवार को सुबह भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी । जलभरी के बाद दुर्गा मंदीर प्रांगण मे अखंड अष्ट्याम यज्ञ प्रारंभ होगा।लाल बाबू पटेल ने कहा की गंगा आरती के मुख्य उद्देश्य गंगोत्री से गंगासागर तक गंगाजल पावनता निर्मलता स्वच्छता एवं धार्मिक प्रसिद्धि के लिए कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों के सोंच से किया गया। गंगा अर्चक दल में आचार्य अखिलेश द्विवेदी, राहुल कुमार तिवारी, पंडित नितेश तिवारी ,पंडित रोहित द्विवेदी ,रितिक पांडे ,सुशील तिवारी , शौरभ द्विवेदी, प्रभात ओझा के द्वारा गंगा आरती निष्पादित किया गया।

## वीआईपी पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर कार्यकर्ताओं ने की बैठक

### वीआईपी पार्टी को तीन सीट मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पचभिण्डा पंचायत के बगही हरखपुर गांव स्थित मुखिया प्रेमा देवी के आवास पर शनिवार को वीआईपी कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। वीआईपी पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए बैठक का आयोजन किया था। वीआईपी पार्टी के राज्यकोर कमिटी के सदस्य सह पचभिण्डा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी ने बताया कि वीआईपी पार्टी के इंडिया गठबंधन के घटक दल में शामिल होने एवं तीन सीटों पर वीआईपी को चुनाव लड़ने का फैसला काफी सराहनीय है। निषाद समाज के लोग वीआईपी पार्टी में तन मन धन से लगे हुए हैं एवं पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। निषाद समाज के लोग आरक्षण के लिए गंगाजल लेकर शपथ लिए थे की जो पार्टी निषाद समाज की आरक्षण की बात करेगा एवं चुनावी घोषणा पत्र में इस बात को शामिल करेगा निषाद समाज के लोग उसे ही समर्थन देंगे। दिल्ली, बंगाल में निषाद समाज को जो आरक्षण प्राप्त है वहीं आरक्षण बिहार में भी निषाद समाज के लिए लागू होना चाहिए। उन्होंने निषाद समुदाय के लोगों से अपील किया है कि अपनी मांगों के समर्थन के लिए इंडिया गठबंधन को जीतने का काम करेंगे। बैठक में वीआईपी जिला उपाध्यक्ष राजेश बिंद, पूर्व मंत्री मत्स्यजीवि तरैया किशोरी सहनी, सरपंच भागवत सहनी, दिनेश सहनी, लाल सहनी, अखिलेश सिंह, छोटू सहनी, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर (सारण)।** जनता बाजार थाना के समीप स्थित दंदासपुर गांव में गेहूं के खेत में अचानक आग लग जाने से कई बीघा के खेतों में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। आग लगने के कारण की जानकारी नहीं चल पायी। स्थानीय युवकों की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका। शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़कर आये तथा आग को आगे बढ़ने से रोके अन्यथा खेत के बगल में स्थित मकान भी आग की चपेट में आ सकते थे।

## जमीनी विवाद में मजदूरी करने गई महिला के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के फरीदनपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मजदूरी करने गई एक महिला के साथ मारपीट कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला उक्त गांव निवासी शीला देवी ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें लक्ष्मण प्रसाद उर्फ सौरभ, मनीष प्रसाद उर्फ अनुभव, इंद्रजीत प्रसाद, रंजय कुमार प्रसाद, एवं मंजय कुमार प्रसाद को आरोपित किया गया है। पीड़ित महिला का कहना है कि वह तारकेश्वर प्रसाद के घर मजदूरी करती है। खेत से सरसों का फसल काटकर थ्रेसिंग के लिए रखी हुई थी इसी बीच आरोपिगन आए और गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## शराब के साथ धंधेबाज को किया गिरफ्तार

**बनियापुर (दैनिक खोज खबर)।** बनियापुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज पिरौटा खास का चंदन कुमार सिंह बताया जाता है। पुलिस ने धंधेबाज के पास से 88 लीटर विदेशी शराब भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि गुप्त रूप से शराब बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना की सत्यापन के लिए पुलिस मौके पर पहुंची थी।

## दाह संस्कार में गये एक व्यक्ति के नदी मे स्नान करने के क्रम मे डुबने से हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** नयागांव थाना क्षेत्र के चतुरपुर पंचायत अंतर्गत शेखडुमरी- महदलीचक स्थित एल सी टी घाट के समिप शनिवार को शैखडुमरी निवासी सव0 रामानंद राय का पचास वर्षीय पुत्र सुपेनद्र राय का मृत्यू गंगा नदी मे स्नान करने के क्रम मे हो गया। भाजपा नेता रविरंजन सिंह सोनू ने बताया कि उक्त घटना तब घटी जब मृतक सुपेनद्र राय अपने पड़ोसी कपुरचक निवासी नवल राय के माँ के अंतिम संस्कार मे भाग लेने एल सीटी घाट गये थे और दाह संस्कार के पश्चात वे नदी मे स्नान करने हेतू डुबकी लगाया और पानी मे जा डुबा। थोडी देर बाद पानी से बाहर नही निकलने पर उपस्थित लोगो ने शोर गुल किया और पानी से निकाल घायल युवक के इलाज हेतू रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस बात की खबर मिलते ही परिजन मे चिख पुकार मच गया।घटना के सूचना मिलते स्थानीय थाने ने शव को कब्जे मे ले पोस्टमार्टम हेतू छपरा भेज दिया।घटना के पश्चात स्थानीय भाजपा नेता रविरंजन सिंह सहित अन्य स्थानीय लोगो ने गहरी संवेदना प्रकट की।

## प्रवेशोत्सव अभियान के तहत निकाली जागरुकता रैली



**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरहा के छात्र छात्राओं ने शनिवार को प्रवेशोत्सव अभियान के अंतर्गत रैली निकाल लोगो से अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षित कर ही एक सभ्य एवं सुसज्जित समाज का निर्माण किया जा सकता है ऱैली विद्यालय परिसर से क्वार्टर बाजार ,कोंध ,भगवानपुर बाजार, मोरिया,जीपुरा, रामदासपुर होते हुए पुनः विद्यालय पहुँचा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नवल किशोर राय ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून तक अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है ऊन्होंने लोगो से इस अभियान की सफलता में अपनी भूमिका के निर्वहन की अपील की ऱैली में विनोद कुमार यादव , आरती शर्मा ,अभिमन्यु सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, चन्दन कुमार, अनूप कुमार, शशिकांत, शुभम राय,धर्मेंद्र कुमार, रामबाबू,अशोक यादव, आनंद कुमार यादव, कृष्ण कुमार, कुंदन कुमार, शशिबाला,उर्मिला कुमारी,अंकिता कुमारी,अंजू यादव, अंजू तिवारी सहित सभी शामिल थे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** भाजपा के स्थापना दिवस पर सदर प्रखण्ड के मानुपुर जहाँगीर गाँव स्थित पुर्व भाजपा जिलाध्यक्ष स्व गणेश कुमार सिंह स्मारक परिसर मे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर समाजसेवी सह भाजपा नेता चन्दन कुमार द्वारा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर लोक सभा चुनाव के तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी ।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविन्द कुमार सिंह , किसान मोर्चा के जिला मंत्री हरेश्वर सिंह , विनय कुमार विमल , हरेन्द्र राय , दिनेश सिंह राजन सहित दर्जनो कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया ।

# एकमा सीओ ने भुंधरी गांव के 17 अग्निकांड पीड़ितों को सौंपा सहायता राशि का चेक

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के परसागढ़ दक्षिणी पंचायत के भुंधरी गांव के 17 अग्निकांड पीड़ितों को शनिवार को एकमा के अंचलाधिकारी राहुल शंकर के द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग के नियमानुसार 12-12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी बब्बन प्रसाद यादव, रुदल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी, पूर्व बीडीसी राजू सिंह, मुन्ना कुमार आदि अन्य लोग मौजूद रहे।आपदा राहत के सहायक राशि का चेक अंचल कार्यालय एकमा में भुंधरी गांव के जिन अग्नि पीड़ितों को सीओ राहुल शंकर द्वारा सौंपा गया उनमें सुनीता देवी, रनिया देवी, चंदन महतो, आमिचंद महतो, रेखा देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, संगीता कुमारी, राम बचन महतो, शिव वचन महतो, विश्वनाथ राम, रीना देवी, सुभारती देवी, सनमतिया देवी, कांति देवी, बलकेशिया देवी आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने बताया कि राजस्व कर्मचारियों के द्वारा शेष अन्य अग्नि पीड़ित परिवारों की सूची बनाई जा रही है। अन्य लोगों को भी विभागीय नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी।इसके पूर्व शुक्रवार को ही अंचलाधिकारी राहुल शंकर के द्वारा प्रत्येक अग्नि पीड़ितों को पांच-पांच किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण कराया गया। वहीं मुखिया काजल तिवारी व प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी के द्वारा अग्नि पीड़ितों को सुबह-शाम का भोजन उपलब्ध जा रहा है।

**20 घरों में लगी थी आग, एक झुलसी महिला का सदर अस्पताल में चल रहा उपचार :** उल्लेखनीय है कि एकमा प्रखंड के भुंधरी गांव में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से लगभग 20 लोगों के झोपड़ीनुमा व कर्कटनुमा घरों में भीषण आग लग गई। जिसमें जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक व उन सभी घरों में रखे अनाज, बर्तन, कपड़े, नकदी, साइकिल, बाइक आदि जल कर नष्ट हो गए। वहीं आसपास के जानवर व पेड़-पौधे भी झुलस गए थे। इस दौरान आग बुझाते व सामानों को बचाने के दौरान रामावती देवी नामक महिला आग की लपटों की चपेट में आने से काफी झुलस गई थी। जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में भर्ती कराया गया था । जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ गुंजन कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। जिनका सदर अस्पताल में उपचार चल रहा है।वहीं आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कुछ पल में ही लगभग 20 घरों का सारा सामान जल गया। घर में रखे हुए कपड़े, राशन समेत सुनीता देवी के दो मवेशी व अन्य लोगों की दो बकरियां भी जल कर मर गई। वही एक परिवार में शादी के लिए रखा सारा सामान जल कर नष्ट हो गया है। ऐसे में पीड़ित परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**इन्होंने दी सांत्वना व दिलाई सहायता:** अग्निकांड में हुए नुकसान की जानकारी पाकर अंचलाधिकारी राहुल शंकर, एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी, एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, राजस्व कर्मचारी बब्बन प्रसाद यादव, रुदल सिंह, राजू सिंह आदि अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भुंधरी गांव पहुंचकर पीड़ितों की हर संभव मदद कराने में जुट गए थे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम से मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस

## स्थापना काल से ही भाजपा ने राष्ट्रीय हित को राष्ट्र धर्म माना - शैलेंद्र सिंह सेंगर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारतीय जनता पार्टी छपरा सारण द्वारा जिले के सभी विधानसभाओं के बूथो पर भाजपा का 45वां स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने ध्वज फहरा कर एवं महापुरुषों के तैल चित्रों पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर छपरा के सांसद कार्यालय एवं निकटतम बूथ पर भाजपा के ध्वज फहराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने स्थापना कल से ही राष्ट्रहित को अपना राष्ट्र धर्म मानती है। भाजपा के नेताओं एवं पुरखों ने राष्ट्रीय हित के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है। फोरलेन स्थित भाजपा के मुख्य कार्यालय पर भाजपा का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा शैलेंद्र सिंह सेंगर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा के



भाजपा ने अपने स्थापना काल से राष्ट्रहित को ही अपना मुख्य एजेंडा माना तथा हमारे नेताओं एवं पुरखों ने एक देश एक विधान एक निशान के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी है। भाजपा देशभक्त कार्यकर्ताओं की पार्टी है और आज इसी के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सोलंकी बीएड कॉलेज पर स्थापना दिवस पर पार्टी के झंडा फहरा कर मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के नेता एवं सारण जिले के सह प्रभारी कुमार क्रांति यादव ने ध्वज को फहराया एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पार्टी पर गर्व करना चाहिए कि आज हमलोगों की पार्टी विश्व के सबसे बड़ी पार्टी है। जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि आज सारण जिला के सभी बुथों पर मनया जा रहा है।वहीं स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाकांत सिंह सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो न जाती एवं धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र सर्वोपरि एवं भारत माता को परम वैभव स्थापित करने हेतु राजनीति करती है। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, शत्रुघन भक्त मालाकार, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, अनिल कुमार सिंह, अमरजीत सिंह, सांसद कार्यालय प्रभारी कमलेश सिंह,आईटी सेल जिला संयोजक निशांत राज, शत्रुघ्न चौधरी, मंडल अध्यक्ष रिंकू सिंह, ढुनमुन सिंह,आर्य सुमंत, नगर महामंत्री अनूप यादव,अर्जुन कुमार, छोटन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रूडी ने किया रोड शो, समर्थकों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने शनिवार को अमनौर विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर रोड शो किया। इस दौरान सभी स्थानों पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सारण से भाजपा के घोषित प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी ने शनिवार को अमनौर के रसुलपुर, मुड़ा, तरवार, कोरेया, संदलपुर, रामचक,कटसा व रायपुरा में रोड शो किया।रामचक,बांसडीह व कटसा के लोगों ने अरनाकोठी स्थित फार्म में कचरा इकठ्ठा किए जाने व उससे निकलने वाली दुर्गन्ध की समस्याओं को रखा, जिसपर रूडी ने जल्द ही उसका समाधान कराने का भरोसा दिलाया।इस दौरान मीडिया कर्मियों से बात करते हुए राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि सारण के



लोगों का अपार स्नेह,समर्थन और भरपूर प्यार उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सारण उनकी जन्म व कर्म भूमि है।नेता नहीं एक बेटा बनकर छपरा के लोगों की मैं वर्षो से सेवा करते आ रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा।समर्थकों की भीड़ और कार्यकर्ताओं का काफी उत्साह देख रूडी गदगद थे।रोड शो के दौरान अमनौर के विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह, पूर्व जिप अध्यक्षा मीना अरूण, मुखिया प्रतिनिध मदन सिंह, पूर्व मुखिया रामनाथ भगत, पैक्स अध्यक्ष बच्चा सिंह,कामेश्वर सिंह,के पी एस गुप्ता गुलाम,श्याम सुंदर गुप्ता,अनिल सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भाजपा मढ़ौरा पूर्वी मंडल पार्टी कार्यालय भाजपा नेता मनोज सिंह के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी के ध्वज के साथ झंडोतोलन किया। स्थापना दिवस पर पार्टी के सिद्धांतों एवं उद्देश्यों पर मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी कार्यकर्ताओं के बीच साझा की गई। अनिल शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और इस उपलब्धि का श्रेय पार्टी के एक एक कार्यकर्ता को जाता है। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार के तरह है जिसमें सभी कार्यकर्ता एक सदस्य के तौर पर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं जिसके बदौलत आज पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त है।इस मौके पर मंडल के महामंत्री धर्मनाथ सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीतू सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री राजीव रंजन सिंह, ललित राय, डॉ विवेकानंद सिंह, प्रिंस कुमार, राकेश कुमार सिंह, हरिवंश सिंह एवं अन्य भारतीय जनता पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



## चमकी बुखार को लेकर अपर निदेशक ने किया निरीक्षण, जागरूकता के लिए दिशा-निर्देश

**दैनिक खोज खबर/ मशरक (सारण)।** गर्मी बढ़ते ही चमकी बुखार पर लगातार चोट किया जा रहा है। जिला प्रशासन विभिन्न माध्यमों से चमकी पर प्रभावी नियंत्रण बनाए हुए है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के परिसर में चमकी बुखार को लेकर अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग अशोक कुमार ने निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों,आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका और एएनएम की बैठक आयोजित की। मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन समेत आशा , एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में चमकी बुखार पर विशेष ध्यान देने की बात बताई गयी। अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग अशोक कुमार ने निर्देश दिया कि सभी आशा , एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने पोषण क्षेत्र में सभी बच्चों का प्रत्येक दिन स्वास्थ्य का जायजा लेगी और बच्चों के परिजनों को चमकी बुखार को लेकर जागरूक करेंगी। वहीं इसकी मॉनेटरिंग प्रभारी डॉ करते रहेंगें। उन्होंने से 0 से 15 वर्ष के बच्चों का सर्वे कर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया। प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से जागरूकता फैलेंगी जिससे चमकी की धमकीं को आसानी से परास्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि एईएस व जेई एक प्राणघातक बीमारी है। लेकिन सही समय पर रोग का उचित प्रबंधन नहीं होने से बीमार बच्चों की मौत हो सकती है। क्योंकि बच्चों में ज्ञात और अज्ञात कारणों से भी चमकी बुखार जैसे लक्षण हो सकता हैं। हालांकि जापानी इंसेफेलाइटिस (मस्तिस्क ज्वर) सक्रमित मच्छर के काटने से होता है।

## सारण के लाल ऋषभ राज को एनडीए में मिला देश भर में 43वां रैंक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमिक और नौसेना एकेडमिक के कंबाइंड परीक्षा में सारण के लाल ऋषभ राज ने सफलता का परचम बुलंद किया है.उन्हें इस परीक्षा में देश भर में 43वां स्थान प्राप्त हुआ है.उन्होंने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में अर्जित किया है.अभी वह बारहवीं के अपीयरेंस छात्र हैं.अभी 11 मार्च को उनके सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा समाप्त हुई है.राष्ट्रीय रक्षा अकादमी( एनडीए) में चयनित ऋषभ राज छपरा के नारायण नगर नेवाजी टोला निवासी शिक्षक राधे श्याम सिंह और ममता देवी के पुत्र हैं.उनका पैतृक गांव गरखा प्रखंड का नराव है.उन्होंने वर्ग छह तक की पढ़ाई छपरा में करने के बाद सातवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई हरियाणा कुरुक्षेत्र के गुरुकुल से पूरी की.ऋषभ का बचपन से ही हवाई जहाज उड़ाने का सपना था.उसने अपने सपने को साकार करने के लिए शुरू से ही प्रयास किया और अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की. ऋषभ ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने जिला समेत माता पिता का नाम रोशन किया है.उनके सफलता पर आमी अवस्थित ननिहाल, फुआ-फूफा व बड़े भाई रवि राज समेत परिवार के सदस्यों में जश्न का माहौल है.सभी ने उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## बंद सेना के जवान के घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**दैनिक खोज खबर/गरखा(सारण)।** गड़खा थाना क्षेत्र के परसा में अज्ञात छोड़ो द्वारा एक घर से 22 हजार रूपए नगद आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर ली गई। इस संबंध में परसा निवासी नवदीप कुमार सिंह ने थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई।जिसमें कहा कि 2 अप्रैल की रात मेरे घर से चोरी कर ली गई घर का ताला तोड़कर अलमीरा में रखे 22 हजार रुपए नगद 3 लाख के आभूषण के साथ ही बर्तन टीवी कपड़े भी कर अपने साथ ले गए।यह घटना उस समय हुई जब मेरे घर में परिवार का कोई सदस्य घर में नहीं था। मैं भारतीय थल सेवा में भठिंडा वैट पर कार्यरत हूं और मेरा परिवार भी मेरे साथ है।जिसके बाद अगले दिन मेरे पड़ोसी भोला सिंह द्वारा फोन के माध्यम से सूचना दी गई की में गेट का ताला टूटा हुआ है।तब मैं पड़ोसी भोला सिंह को घर में जाकर देखने को कहा तो उन्होंने बताया कि घर का अंदर का सारा ताला टूटा हुआ है। सामान बिखरा हुआ है। तब मैंने मेरे ससुर को फोन कर जाने को कहा मुंडा गांव निवासी है।वे जब मेरे घर पहुंचे तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। अलमीरा का ताला टूटा हुआ था जिसे उन्होंने मोबाइल पर वीडियो बनाया में तथा चोरों के जो औजार थे।कपड़ा वहीं पर पड़े हुए थे ।साथ ही अलमीरा का शीशा टूटा हुआ था वहीं पर खून के छीटें पड़े हुए थे। टेबल एवं अन्य कपड़ों में खून पोछा हुआ था। जो किसी अभी भी रखे हुए हैं। साथ ही मेरे पड़ोसी भोला सिंह के फोन से 112 डायल किया वहां पुलिस पहुंची और वीडियो बनाया उन्होंने थाने में जाकर आवेदन देने को सुझाव दिया। जिसके बाद में छुट्टी लिया और 5 अप्रैल को अपने घर पहुंचा और आवेदन दिया।प्राथमिक की दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## ईद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

### उपद्रवियों को बख्शा नहीं जायेगा- थानाध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)**-थाना परिसर में शनिवार को ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में प्रखंड व नगर के विभिन्न पंचायत व वार्डो से जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों ने भाग लिया ।बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार एक दूसरे को खुशी बांटने का पैगाम लेकर आता है।इस दिन सारे गिले-शिकवे व रंजिश को भूल लोग एक दूसरे के गले मिल बधाई देते हैं। इसी में कुछ ऐसे शरारती तत्व होते हैं जो त्योहार में खलल डालने का प्रयास करते हैं।उन पर नजर रखने की आवश्यकता है। पुलिस की पैनी नजर ऐसे लोगों पर है।उन्होंने बारी-बारी से थाना क्षेत्र के गांवों की स्थिति के बारे में उपस्थित लोगों से जानकारी हासिल की।उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों की सूचना दीजिए उसपर कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने थानाध्यक्ष व बीडीओ को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस प्रखंड में किसी भी समुदाय का पर्व होता है तो पूर्व से ही हमलोग सहयोग करते आए हैं।हमलोग एकजुट होकर एक दूसरे को सहयोग करते आए हैं और करते रहेंगे। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा।इसके लिए अगर किसी भी प्रकार की सूचना मिलती है तो तुरंत जानकारी दें।

## भेल्दी लूटकांड में शामिल 6 अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**दैनिक खोज खबर भेल्दी(सारण)।** पिछले दिनों भेल्दी थाना क्षेत्र के खरीदाहा लीची बगान स्थित पुलिया के समीप बाइक व मोबाइल लूटकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है।इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन अपराधियों को लूट की बाइक व मोबाइल के साथ धर दबोचा।पकड़े गए अपराधियों में अमनौर थाने के मंदरौली गांव के तारकेश्वर मांझी का पुत्र कुणाल कुमार,सुरेन्द्र राम का पुत्र अरूण राम,ढोलाही कैथल गांव के प्रदीप राम का पुत्र धीरज कुमार,तेरस राम का पुत्र शुभम कुमार रविन्द्र मांझी का पुत्र सुजीत कुमार व डेरनी थाने के भेटवलिया गांव के राजकिशोर शर्मा का पुत्र इन्द्रजीत कुमार शामिल है। बताते चलें कि 28 मार्च को भेल्दी थाना क्षेत्र के खरीदाहा लीची बगान स्थित पुलिया के समीप अमनौर थाने के पकड़ी डीह गांव के जयनाथ राय के पुत्र रंजीत कुमार से पांच अपराधियों ने बाइक व मोबाइल लूट लिए थे।पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के क्रम में छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने लूटे गए मोबाइल व बाइक को भी बरामद कर लिया।पुलिस ने विश्वास में लेकर अपराधियों से पुछ-ताछ की तो सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।गिरफ्तार अपराधी कुणाल कुमार,धीरज कुमार व सुजीत कुमार के विरूद्ध पूर्व में अमनौर थाने में एक मामले दर्ज हैं।

## चैत्रवर्णी पर्व का स्नान करने रामघाट पर सैकड़ों की संख्या में पहुंची व्रती

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** शनिवार को माँझी के प्रसिद्ध राम घाट पर पवित्र सरयु नदी में पाप मोचनी एकादशी के पारण के अवसर पर आयोजित चैत्रवर्णी पर्व का स्नान करने सैकड़ों की संख्या में पहुँची व्रती महिलाओं ने गोबर के उपले पर लिट्टी चोखा बनाकर ग्रहण किया। पूछे जाने पर स्नान करने पहुँची महिलाओं ने बताया कि भगवान श्री राम के अवतरण के पूर्व अयोध्या में इस पर्व की शुरुआत की गई थी। उक्त पर्व में एकादशी के पारण की तिथि को सरयु नदी में स्नान के बाद घाट पर लिट्टी चोखा बनाकर उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने की परंपरा रही है। स्थानीय मौनिया बाबा मंदिर के पुजारी संत राम दास उदासीन महाराज ने बताया कि भक्त शबरी के श्राप से लाल हुई नदी को भगवान श्री राम के चरण स्पर्श से मुक्ति मिली थी और नदी पुनः अविरल बहने लगी थी अतः चैत्रवर्णी पर्व को पाप नाशिनी अथवा पाप मोचनी भी कहा जाता है। यह पर्व प्रत्येक 50 वर्ष बाद मनाने की परंपरा रही है उन्होंने बताया कि काल कर्मानुसार अबकी बार 35 वर्षो बाद ही यह महासंयोग बना है। अलग अलग गाँवों से ताल्लुक रखने वाली तथा अलग अलग वाहनों पर भगवान का भजन कीर्तन करते माँझी के राम घाट पर स्नान करने पहुँची महिलाओं में ज्यादातर यूपी के बलिया जिले से की रहने वाली बताई जाती हैं। स्नान को लेकर माँझी चट्टी से रामघाट तक चहल पहल देखी गई। स्नानार्थियों की सुरक्षा एवम साफ सफाई को लेकर माँझी नगर पँचायत के कर्मी मुस्तैद रहे।

## ईद उल फितर, रामनवमी एवं चैती छठ को लेकर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ ने की शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर अनुमंडल कार्यालय सभागार में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी कुमार निशांत विवेक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर के अध्यक्षता में ईद उल फितर, रामनवमी एवं चैती छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदधिकारी , प्रखंड के बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ,अनुमंडल क्षेत्र के थानाध्यक्ष , सहित अन्य विभागीय अधिकारी के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में अल्पसंख्यकों के पर्व ईद उल फितर एवं हिंदू पर्व रामनवमी एवं चैती छठ पूजा को लेकर गहन विचार विमर्श करते हुए सभी पर्वो को आपसी भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों के द्वारा तीनों पर्व को लेकर अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिया गया। वहीं एसडीओ ,डीएसपी द्वारा सभी अधिकारियों व गणमान्य लोगों से क्षेत्र का फीडबैक लेते हुए पर्व एवं चुनाव के दौरान पूर्व में किसी प्रकार के विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से संबंधित जानकारी ली । अनुमंडल क्षेत्र वासियों से शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाए जाने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग दिए जाने का आह्वान किया गया। एसडीओ ने सभी लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को देते हुए सहयोग किए जाने की बात बताई गई। एसडीओ ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में शन्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र में फ्लैग मार्च तेज करे ।गलत मानसिकता वाले लोगों पर कड़ी नजर बनाए रहे ।कानून के उल्लंघन करने वाले लोगों पर कड़ी करवाई करे। डीएसपी ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा डायल 112 की सुविधा मुहैया कराई गई है। जो किसी भी परिस्थिति में आम लोगों को सहायता एवं सहयोग तत्परता के साथ करेगी।



## जीविका दीदियों ने मतदाता जागरूकता के लेकर गोपालपुर में निकाली रैली

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर गाँव स्थित सिद्धि जीविका में बूथ संख्या 122,123 पर सभी जीविका दीदी ने एकत्रित होकर मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली है। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं अपना मत ,अपना अधिकार को समझ कर निष्पक्ष जाति धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने के लिए लोगों से आग्रह रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस मैके पर तमाम जीविका दीदी व कर्मी मौजूद रहे ।

## मशरक में पलानी में लगीं आग, आधा दर्जन बकरी समेत हजारों रुपए की संपति जली

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद कुदरिया पंचायत के चांद कुदरिया गांव में पलानी में आग लग गई,आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया पर आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। अग्निकांड पीड़ित चांद कुदरिया गांव निवासी कृष्णा राम ने बताया कि पलानी में आग लग गई जिसमें पलानी में रखी 2 साइकिल, 8 बकरी और चौकी बिछावन समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर मुखिया धर्मेन्द्र मांझी और पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने पीड़ित के यहां पहुंच जायजा लिया और सरकारी मदद दिलवाने का भरोसा दिलाया।

## चंवर में लगी आग मे लगभग तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत के टोलापर मठिया गाँव के समीप चंवर में लगी आग मे लगभग तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। आगलगी की सूचना पा कर पहुँचा अग्निशमन वाहन व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। घटना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तार में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से परशुराम यादव,स्वामी नाथ यादव,शँकर दयाल भारती तथा बाबूलाल महतो के खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई जिससे पककर तैयार हो चुकी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुँचे महम्मदपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय ने इसकी सूचना बिजली विभाग के जेई को दी और जबतक गेंहू की फसलें कट नही जाती तब तक दिनभर बिजली बन्द रखने की बात कही। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी गेंहू के बोझा में आग,गेहूं खाक

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)**-प्रखंड क्षेत्र के माड़र पंचायत स्थित दिघरा गांव के बिजली पोल में शार्ट सर्किट के कारण घर के सामने रखे गेहूँ के बोझा में आग लग गई।गर्म मौसम के कारण आग तुरंत ही फैल गई। आग की चपेट में आने से काटकर रखा गेहूं का 200 बोझा जलकर नष्ट हो गया।गेहूं की फसल दिघरा निवासी बचूं राय के पुत्र भवनाथ राय का था।ग्रामीणों की आग बुझाने के प्रयास के बावजूद आग पूरे फैल गई।ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमलोग आग बुझाने का प्रयास शुरू करते तब तक लगभग दो सौ बोझा गेहूं जल चुका था।आग गेहूँ के बोझा के साथ साथ घर की ओर बढ़ने लगा था, लेकिन लोगों को प्रयास से इस पर काबू पाया गया। अगर आग नहीं बुझती तो दर्जनो लोगों की घर जल सकती थी।आए दिन तारों के टूटने या आपस में टकराने से फेसलों में लग रही आग से ग्रामीणों में रोष व्याप्त होने लगा है।ग्रामीणों का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रहे तार ढीले तथा जर्जर होने के कारण हवा चलने पर आपस में टकराते रहते हैं तथा टूट कर खेत में गिर जाते हैं।जिससे फसलों में आग लग जा रही है।सूचना पर जिलापार्षद विनोद राय व उपप्रमुख प्रतिनिधि रघु राय ने घटना की सूचना कर्मचारी को दी और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## परसा के ट्रक चालक की गुजरात में हार्ट अटैक से मौत,परिजनों में कोहराम

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** परसा के ट्रक चालक युवक की गुजरात में हार्ट एटैक से मौत होने की खबर मिलते ही स्वजनों के रोदन क्रंदन से कोहराम मच गया।मृतक परसा के दिघरा निवासी मैनेजर राय का 45 वर्षीय पुत्र विनोद राय बताया गया है।जो गुजरात में ट्रक चालक का काम करता था।मृतक का साथी दिघरा निवासी मुकेंद्र राय ने बताया कि गत चार अप्रैल को अहमदाबाद से कैंटीनर लोडकर मुंद्रा स्थान की ओर जा रहा था।कि चालक विनोद राय को अचानक सीने में दर्द हुआ और हमलोग एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।तदोपरांत एंबुलेंस से युवक चालक के शव को परसा दिघरा पैतृक गांव लाया गया।इधर घटना की सूचना पर प्रमुख प्रतिनिधि रघु राय,जिलापार्षद विनोद राय ने पीड़ित परिजन को सांत्वना दिया।घटना को लेकर पिता मैनेजर राय,पुत्र रामू कुमार राय,पुत्रियां मनोरमा देवी,सीमा देवी,प्रीति कुमारी ,सुषमा कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है।

## गेहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी

**दैनिक खोज खबर/मकेर ( सारण)।** थाना क्षेत्र के चंदीला गांव में सुबह आग लगने के कारण चार कट्ठा में लगी गेहू की फसल जलकर नष्ट हो गई । पीड़ित किसान चंदेश्वर राय ने बताया कि गेहूं की फसल कटने की थी लेकिन सुबह में खेत में गेहू की फसल में आग लग गई जिससे चार कट्ठा में लगी फसल जलकर नष्ट हो गई ।आग लगने की सूचना मिलते ही फायरमैन और ग्रामीणों की प्रयास से आग पर काबू पाया गया तबतक फसल जल चुकी थी ।आग लगने की कारण कुछ लोग पछुआ हवा बता रहे हैं जबकि कुछ लोगो का कहना था कि बिजली की शॉट सर्किट से आग लगने से हुई है बहरहाल किसान की खून पसीने की किमिनी देखते ही देखते खाक हो गई एवम सारे अरमान अधूरी रह गई ।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर मशरक में कार्यक्रम आयोजित, सांसद ने फहराया झंडा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौंक के पास वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय के आवास पर भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने किया वही आगत अतिथियों का वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने पार्टी का झंडा फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को बताया गया। मौके पर जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष वैधनाथ सिंह विकल, बनियापुर विधानसभा प्रत्याशी विरेन्द्र ओझा,लालबाबू कुशवाहा,भाजपा नेता अजीत सिंह,लोजपा नेता सुनील सिंह, नितीश कुशवाहा, चंदन उपाध्याय, सागर राय, जदयू नेता अशोक अजनबी,गौतम ओझा, राकेश महंथ, श्याम बिहारी सिंह, नंदन बाबा, दुर्गेश कुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहें।



# खेल के दौरान बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट, एक की मौत, तीन घायल

### प्राथमिकी में छः नामजद, हत्यारोपित तीन नामजद गिरफ्तार

### एक साथ दो पत्नियों के उजड़ गया सुहाग

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव में शनिवार की सुबह बच्चों के खेल के दौरान हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान अवधेश यादव के रूप में हुई। घायलों में राघो यादव, आलोक यादव, बेबी देवी के रूप शामिल हैं। इस मामले में मृतक के पुत्र ने छह पर नामजद प्राथमिकी कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम खेलने के दौरान बच्चों का गेंद गोरख यादव के गेहूं की खेत में चली गई थी। इसको लेकर अवधेश यादव और गोरख यादव के घर वालों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद शनिवार की सुबह में अवधेश यादव अपने निर्माणाधी मकान के समीप



चाय पी रहे थे। तभी गोरख यादव के पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। देखते ही देखते सभी ने अवधेश और उनके परिवार वालों पर टांगी से हमला कर घायल कर दिया। इधर मौत की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, अवर निरीक्षक स्वाति कुमारी, प्रशिक्षु अवर निरीक्षक आभा कुमारी, प्रदीप कुमार ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना की सूचना सदर एसडीपीओ को दी। वहीं थोड़ी देर बाद सदर एसडीपीओ ने मौके पर पहुंच मामले की जांच कर पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया।इस मामले में मृतक के पुत्र आलोक कुमार यादव के फर्द बयान पर सलाहपुर निवासी गोरख यादव, रजनीश यादव, राजू यादव, रूबी कुमारी, बबुनती कुमारी एवं काजल कुमार को नामजद किया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि खेल के दौरान बच्चों की गेंद खेत में चली गई थी। इसको लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। बताया कि मौत के बाद पुलिस ने घटना में शामिल नामजद गोरख यादव, रजनीश यादव सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अलग-अलग चोरी की घटना में आभूषण समेत साढ़े चार लाख की

**सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों से आभूषण समेत करीब साढ़े चार लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल कायम है। वहीं घटना की सूचना मिलते पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार रानीपुर निवासी बसंत राम के घर से 25 हजार रुपये नकद एवं 15 हजार के आभूषण तथा 15 हजार के कपड़े की चोरी हुई है जबकि कोइरीगांवा निवासी राजू कुमार यादव के घर से ढाई लाख रुपये नकद, 1.20 लाख के आभूषण एवं 20 हजार के कपड़े की चोरी गई है। इस मामले में पीड़ित द्वारा थाना को सूचना दी गई है।बताया जाता है कि रानीपुर निवासी बसंत राम तथा कोइरीगांवा निवासी राजू कुमार यादव के परिवार के सदस्य शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद घर में सो रहे थे। तभी चोर छत के सहारे आंगन में उतर गए तथा कमरे का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी स्वजनों को शनिवार की सुबह हुई है। कमरे का दरवाजा खुला देख सभी हतप्रभ हो गए। चोरी की घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बताया जाता है कि चोरों ने कोइरीगांवा निवासी गणेश यादव के घर में भी चोरी का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। स्वजनों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा के निर्देश पर एएसआइ राजकुमार कश्यप दलबल के साथ पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा पीड़ित परिवार को थाना में आवेदन देने को कहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक पीड़ित द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर में भूमि विवाद संबंधित मामले की हुई सुनवाई

**सिवान** = भगवानपुर हाट तथा बड़हरिया थाना परिसर में शनिवार को शिविर आयोजित कर भूमि विवाद संबंधित मामले की सुनवाई की गई। इस मौके पर फरियादियों की भीड़ देखी गई। जानकारी के अनुसार भगवानपुर हाट थाना परिसर में सीओ धीरज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल चार मामले दाखिल हुए, इसमें से तीन मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं एक पुराने मामले का भी निष्पादन किया गया। इस मौके पर एसआइ भगवान तिवारी, अंचल के प्रधान सहायक रामानंद राम समेत कई फरियादी उपस्थित थे। वहीं बड़हरिया थाना परिसर में सीओ सरफराज अहमद की अध्यक्षता में भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चार मामले आए। इसमें दो का आन द स्पाट निपटारा कर दिया गया जबकि दो मामले को अगले शनिवार के लिए सुरक्षित रख लिया गया। इस मौके पर पीएसआइ स्नेहा कुमारी समेत अन्य पुलिस एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## शार्ट सर्किट से आग लगने से सात झोपड़ी जलकर लाख, लाखों की क्षति

**बसंतपुर (सिवान)** = प्रखंड के बसंतपुर अहीर टोली में शनिवार को शार्ट सर्किट से आग लगने से सात झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गई। इस अगलगी में घर में रखे अनाज, कपड़ा, साइकिल, चौकी, बिस्तर आदि समेत करीब पांच लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। बाद में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच आग पर काबू पाई। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर ग्रामीण अपने-अपने में लगे हुए थे तभी शार्ट सर्किट से बहारन राय के झोपड़ी में आग पकड़ ली। अभी स्वजन कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पड़ोसी दूधनाथ राय, अशोक राय, राम सिंगार राय, यमुना राय के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। इस दौरान अफरातफरी मच गई। ग्रामीण आग की भयावहता को देखते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना के कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। पीड़ितों ने बताया कि अगलगी में पांच लोगों की कुछ सात झोपड़ी, पांच साइकिल, तीन पंखा, चार चौकी, मोटर, मशीन के पाइप, अनाज, बिस्तर समेत करीब पांच लाख की संपत्ति जलने का अनुमान है। पीड़ितों ने अगलगी की सूचना अंचल कार्यालय को दी। सूचना मिलते ही सीओ अजमत अली अंसारी घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवारों से मिलकर यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)** =लोकसभा चुनाव की तैयारी को ले प्रशासन सख्त हो चुका है। मतदान केंद्रों पर कोई कमी नहीं हो इसके लिए पदाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में एसडीओ अनिल कुमार ने मतदान केंद्र संख्या 148, 149 तथा 150 का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि मतदान के दिन यदि किसी व्यक्ति द्वारा मतदाता को डराया-धमकाया जाता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। उस व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान पदाधिकारियों ने सिवान व छपरा सीमा पर सिकटियां गांव के समीप वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहनों की डिक्की तोड़ तलाशी ली गई।

## हत्यारोपितों को सजा दिलाने की मांग

**सिवान** रामदेव विचार मंच के संयोजक अभिषेक कुमार सिंह ने अमलोरी सरसर पहुंच पूर्व शिक्षक एवं बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के सिवान सदर के पूर्व अध्यक्ष रामानुज सिंह के स्वजनों से मुलाकात कर गहरा दुःख प्रकट किया एवं इस निर्मम हत्या के कड़ी भर्त्सना की। उन्होंने जिला प्रशासन से इस हत्या में शामिल बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा स्पीडी ट्रायल चला कर सजा की मांग की, ताकि सिवान प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे। इस अवसर पर अवधेश कुशवाहा, देवेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र चौबे आदि उपस्थित थे।

## सिद्ध गुफा चकरी योगाश्रम से मां परांबा के मुकुट व आभूषण की चोरी

**सिवान।** दरौली थाना क्षेत्र के सिद्ध गुफा चकरी योगाश्रम से शुक्रवार की देर रात चोरों ने मां परांबा के सोने की मुकुट समेत दो लाख के आभूषण की चोरी कर ली। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई । बताते हैं कि सिद्ध गुफा चकरी योगाश्रम में मां परांबा की विशाल अष्टधातु की मूर्ति स्थापित है। यह मूर्ति 15 फीट ऊंची एवं 118 भुजाओंवाली है। आश्रम के महंत रघुनाथ दास अयोध्या गए हुए थे, आश्रम पर दो शिष्य पुजारी के रूप सोए थे। तभी चोरों ने शुक्रवार की रात मंदिर में प्रवेश कर मां परांबा की प्रतिमा से मुकुट, माड़वारी नथिया, कान का झाला समेत करीब दो लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। इसकी सूचना शनिवार की सुबह दरौली थाना को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही दरौली थानाध्यक्ष रोशन कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की। थानाध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि सिद्ध गुफा चकरी योगाश्रम विशाल मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां आठ से 16 मई तक पंचकुंडीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ होनेवाला है। इसकी तैयारी चल रही है। इसके पहले अयोध्या से जनकपुर तक रामजानकी रथयात्रा का आयोजन आठ अप्रैल से किया गया है। इसकी तैयारी के लिए महंत रघुनाथ दास अयोध्या गए थे ,तभी चोरों ने मौका का फायदा उठा घटना को अंजाम दिया।

## बाइक सवार चार बदमाशों ने सेल्समैन से डेढ़ लाख व मोबाइल रुपये की छीनी




**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के सहुली चट्टी के समीप सिसवन-सिवान मुख्य मार्ग एसएच 89 पर शुक्रवार बाइक सवार बदमाशों द्वारा हिंदुस्तान फील्ड सर्विस प्रा. लिमिटेड का सेल्समैन से करीब डेढ़ लाख रुपये एक मोबाइल छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पीड़ित सेल्समैन मुफस्सिल थाना के लखरांव निवासी ब्रजेश कुमार ने थाना में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि तीन दिन पूर्व से एकत्रित राशि घर से लेकर हसनपुरा एजेंसी में जमा करने के लिए शुक्रवार को जा रहा था। तभी सहूली के पास एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर मुझे रोक लिया तथा कनपटी पर पिस्टल सटाकर एक लाख 51 हजार रुपये नकद एवं वीवो का मोबाइल लूटकर हसनपुरा की ओर फरार हो गए। सभी बदमाशों की उम्र 25 से 30 वर्ष की रही होगी। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## प्रत्येक मतदान केंद्र को ले व्हील चेयर का वितरण

**दारौंदा (सिवान)** = प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में शनिवार को मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के बीच व्हील चेयर का वितरण किया गया। इस संबंध में बीईओ शिवजी महतो ने बताया कि जहां दिव्यांग और चल-फिर सकने में असमर्थ मतदाताओं की संख्या अधिक होगी उस मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के विकास कोष या छात्र कोष से की गई है। इस संबंध में जिले के सभी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों निर्देश दिए गए हैं। बीईओ ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव के पत्र में दिए आदेश का अनुपालन करने का निर्देश डीपीओ एसएसए ने सभी प्राथमिक, मध्य व माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानों को दे दिया गया है। लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर अक्टूबर 2023 में ही उपमुख्य निवार्चन पदाधिकारी ने पत्र लिखा था। इस संबंध में बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पत्र के आलोक में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षा विभाग के अधीनस्थ मतदान केंद्रों पर रैंप, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व व्हील चेयर की व्यवस्था करने को कहा है। इसके अलावा विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस कार्य को ससमय कर लेने का निर्देश दिया गया था। व्हील चेयर की खरीद कर बीआरसी में व्हील चेयर उपलब्ध कराया गया है। हालांकि, कई माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों द्वारा व्हील चेयर की खरीदारी कर भी ली गई है। दारौंदा में कुल 130 मतदान केंद्र हैं, यहां व्हील चेयर उपलब्ध कराई जा रही है। पोलिंग बूथ वाले सभी प्राथमिकी/मध्य विद्यालयों के प्रधानों से व्हील चेयर की आवश्यकता से संबंधित मांग पत्र भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दारौंदा बीआरसी परिसर में शनिवार को व्हील चेयर का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पहली बार लोकसभा आम निर्वाचन क्षेत्र के उन सभी मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था रहेगी जहां दिव्यांग मतदाता होंगे। आवश्यकता के अनुसार दिव्यांगों के लिए पंचायत के मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर 25 मई को उपलब्ध रहेंगे।

## घर से भाग प्रेमी युगल ने की शादी, वीडियो प्रसारित कर लगाई सुरक्षा की गुहार

**आंदर (सिवान)**=थाना क्षेत्र के एक गांव के प्रेमी युगल ने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ शादी कर ली तथा वीडियो प्रसारित कर अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रेमी युगल ने शनिवार को वीडियो प्रसारित किया। प्रसारित हो रहे वीडियो में प्रेमिका कह रही है कि मैं अपने मर्जी से अपने प्रेमी के साथ शादी की हूं। शादी कर मैं बहुत ही खुश हूं, मेरे प्रेमी के स्वजन को परेशान करने की जरूरत नहीं है। बता दें कि 30 मार्च को दोनों प्रेमी युगल घर से फरार हो गए थे। इस मामले में युवती की मां ने दो अप्रैल को आंदर थाना में आवेदन देकर पुत्री की शादी की नीयत से अपहरण कर लेने के मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी।

## मारपीट कर घायल करने का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान)** =थाना क्षेत्र के भीखमपुर निवासी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही राहुल कुमार व रोहित कुमार पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## शिविर में भूमि विवाद से संबंधित दो मामले का निष्पादन

**हुसैनगंज (सिवान)** =थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी दिव्य प्रकाश व थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भूमि से संबंधित दो मामले का निष्पादन किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि शिविर में तीन मामले आए। इसमें दो का निष्पादन किया गया। इस अवसर अपर थानाध्यक्ष अंजोर अकेला, राजस्व कर्मी सहित वादी व प्रतिवादी उपस्थित थे।

# अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**दारौंदा (सिवान)** = एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन व बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने शनिवार को प्रखंड के विभिन्न अंतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदापुर मतदान केंद्र संख्या 212, माध्यमिक विद्यालय सवान विग्रह मतदान केंद्र संख्या 216, 217 सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एसडीपीओ ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था एवं संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। इस दौरान बीडीओ ने आस-पास के लोगों को 25 मई को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, रैंप, साफ सफाई, बिजली, सड़क आदि का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान अधीनस्थ कर्मियों को चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने बताया कि मतदान केंद्रों पर अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों को चिह्नित किया गया है। मतदान के दिन 25 मई को मतदान के आसपासद किसी भी व्यक्ति के द्वारा अफवाह फैलाने एवं हंगामा करने का संदेह होने पर पुलिस प्रशासन कठोर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करेगी।

## ईद व रामनवमी को ले शांति समिति की बैठक

**सिवान** =दरौली थाना परिसर में शनिवार को थानाध्यक्ष रौशन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में ईद, आंबेडकर जयंती, चैती छठ पूजा एवं रामरनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा की गई। थानाध्याक्ष ने कहा कि डीजे और अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईद, चैती छठ व रामनवमी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि यदि किसी से शांति भंग होने की आशंका हो इसकी सूचना दें, अवश्य कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बच्चा प्रसाद, वीर कुंवर सिंह, अनिल कुमार ओझा, सुनील कुमार पांडेय, अंबरीश चौबे, भीखम सिंह, दीनानाथ यादव, भूलन ठाकुर, सुधीर कुमार दुबे, शिवकुमार मांझी, नासिर खां अन्य जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## दावत-ए-इफ्तार में रोजेदारों ने की देश में अमन चैन की दुआ

**महाराजगंज (सिवान)** = प्रखंड के बंगरा गांव स्थित रघुबीर सिंह पुस्तकालय सह वाचनालय परिसर में शुक्रवार की शाम दावत-ए- इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में रोजदार व गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान रोजेदारों में देश में अमन चैन की दुआ की। समिति के अध्यक्ष कुमार आशुतोष ने बताया कि कार्यक्रम कार्यान्वयन में शिक्षक शिक्षक कुमार राजकपूर के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह द्वारा रोजेदारों के बीच टोपी, गमछा भेंट कर गांव, समाज के लिए दुआ मांगी गई। शिक्षक कपूर ने बताया कि रघुबीर सिंह पुस्तकालय सह वाचनालय हिंदू-मुस्लिम एकता का मंदिर है। दोनों समुदाय के लोग इसके सदस्य हैं। विदित हो कि बिहार के राज्यपाल द्वारा 15 जनवरी को पुस्तकालय परिसर में स्वतंत्रता सेनानी रघुबीर सिंह की मूर्ति अनावरण और पुस्तकालय सह वाचनालय का शुभारंभ किया गया था। इस मौके पर ईद मोहमद, नूर मोहम्मद, कादिर मियां, वाजिद हुसैन, लाल मोहम्मद, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, मनिंदर पांडेय, रमेश उपाध्याय, राजकिशोर प्रसाद, अशोक कुमार कुंवर, दुतली मियां, गुल मोहम्मद, पान मोहम्मद, तुषार कुमार आदि उपस्थित थे।-/-

### मशाल जुलूस निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

नौतन (सिवान) =प्रखंड और आंचल कर्मियों ने शुक्रवार की शाम प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाल मतदाताओं का मतदान के प्रति जागरूक किया। मशाल जुलूस बीडीओ अर्चना कुमारी व सीओ शशि कुमारी के नेतृत्व में निकाला गया जो प्रखंड मुख्यालय से होकर बाजार होते हुए भुलौनी मोड़ और भुलौनी मोड़, दक्षिण मोहल्ला से होते हुए बाजार के उत्तरी छोर बधउत बाबा स्थान होते हुए नौतन प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच संपन्न हो गया। मौके पर सभी प्रखंड व अंचल कर्मी के साथ आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जीविका एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों ने किया फसल का निरीक्षण

**बड़हरिया (सिवान)** = प्रखंड के भामोपाली पंचायत के कुतुब छपरा में जानकी महिला खाद्य सुरक्षा समूह की महिला किसान गुलाबी देवी की खेत में लगी तीसी और गरमा मूंग तथा पूनम देवी की खेत में परवल, मिर्च फसल का निरीक्षण सहायक तकनीकी प्रबंधक सतीश सिंह एवं किसान सलाहकार गुलाब कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान तीसी फसल की कटाई का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर समूह की सदस्य सालदेव साह, उपेंद्र कुमार, मनीर मियां भी उपस्थित थे।

### खुले कुएं में गिरने से दो बहनों की मौत=नालंदा में स्कूल गई थी बच्ची, छोटी बहन को बचाने में बड़ी बहन की भी मौत

**नालंदा,एजेन्सी।** नालंदा के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के खाड़गौरैया गांव में कुएं में गिरने से दो बहनों की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के खाड़गौरैया गांव निवासी राजेश कुमार की बेटी सलोनी कुमारी (11) और पल्लवी कुमारी (03) के रूप में की गई है। मृतका के पिता राजेश कुमार ने बताया कि गांव के स्कूल के बाहर एक कुंआ है, जिसकी घेराबंदी नहीं हुई है। शनिवार को उनकी छोटी बेटी पल्लवी कुमारी स्कूल गई थी। खेलने के दौरान अचानक वो कुएं के पास चली गई। कुआं खुला होने के कारण वो उसमें जा गिरी। वहीं, जब सलोनी कुमारी स्कूल से पढ़कर आई तो वह अपनी छोटी बहन को खोजने के लिए निकली। उसने स्कूल के बाहर कुएं में पल्लवी को देखा। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि पल्लवी को कुएं में देख सलोनी भी उसे बचाने के लिए कुएं में कूद पड़ी। जिसके कारण दोनों की डूब कर मौत हो गई।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने रैली निकाल मतदाताओं किया जागरूक

**हुसैनगंज (सिवान)** = प्रखंड कार्यालय परिसर से शनिवार को बीडीओ राकेश कुमार चौबे, सीओ दिव्य प्रकाश, पीओ मनरेगा विश्वजीत कुमार एवं सीडीपीओ मधु लता के नेतृत्व आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं विद्यालय के छात्रों की उपस्थिति में प्रभातफेरी निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ÷जन-जन की है यही पुकार, वोट देना मेरा अधिकार, पहले मतदान बाद में जलपान÷ जैसे उत्साहवर्धक स्लोगन को बुलंद कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। प्रभातफेरी प्रखंड मुख्यालय, हुसैनगंज बाजार तथा उत्तर मोहल्ला होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय पर पहुंची। इस अवसर पर सांख्यिकी सहायक शिवपुकार यादव, एलएस सरिता कुमारी, मुन्नी खातून, राजेश्वर प्रसाद, सेविका अनीता श्रीवास्तव, आशा कुमारी, मीना देवी सहित अन्य सेविका एवं सहायिका व प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## डीईओ से भवन निर्माण कराने की मांग

**आंदर(सिवान)** =प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित सह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कक्षा संचालक के लिए भवन निर्माण कराने की मांग की है। दिए गए आवेदन में प्रधानाध्यापक ने कहा है कि शिक्षा विभाग का आदेश है कि अपने ही पंचायत के विद्यालयों में कक्षा नौ एवं 10 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन करना है। हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों का नामांकन पूर्व से किया गया है तथा वर्तमान सत्र में पर्याप्त नामांकन की प्रबल संभावना है, लेकिन बच्चों के बैठने के लिए कमरे का अभाव है जिससे वर्ग संचालन में काफी परेशानी होगी। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कमरा निर्माण कराने की मांग की है।

## बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**दारौंदा (सिवान)** =शत प्रतिशत मतदान कराने को ले प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य जोरों पर है। इसके तहत बीएलओ द्वारा डोर- टू- डोर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बीएलओ ने मतदान के महत्व को समझाते हुए 25 मई को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। वहीं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में बच्चों को उनके अभिभावकों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का जायजा लिया तथा इसमें तेजी जाने की अपील की। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से मतदान के प्रति जागरुकता लिए शनिवार को कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की ओर से अपने-अपने परियोजना क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षु बीडीओ जुही कुमारी ने बताया कि महिला मतदाताओं और पहली बार मतदाता बने युवकों एवं युवतियों को शत प्रतिशत मतदान को ले प्रेरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही 80 से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।